## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु टीम रवाना

**शहडोल।** सहायक संचालक खेल रईस अहमद ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 69 वीं शालेय राज्य स्तर क्रिकेट 19 वर्ष आयु वर्ग बालक, प्रतियोगिता का आयोजन दतिया में 15 से 19 नवंबर 2025 तक किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता के लिए शहडोल संभाग की टीम रवाना हुई। उन्होंने बताया कि संभाग का प्रथम मैच 16 अक्टूबर को खेला जाएगा। क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन हेतु संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग शहडोल उमेश कुमार धुर्वे, सुदर्शन मिश्रा, जिला खेल अधिकारी शिक्षा विभाग उमरिया शेख सलीम, जिला खेल अधिकारी शिक्षा विभाग शहडोल रामरूद्र पटेल, पुष्पराज सिंह, खलील कुरेशी द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। टीम के प्रमुख प्रबंधक हैं शिव प्रकाश शुक्ला तथा टीम के कोच, अभिषेक सिंह चौहान हैं। क्रिकेट टीम में खिलाड़ी आशुतोष तिवारी, अर्पित गुप्ता, प्रशांत दहिया प्रियांशु राज, अनुराग मिश्रा, आवेंद्र सिंह, सोनू मिश्रा, सोनू विश्वकर्मा, निर्मल पटेल, आकिब जावेद अंसारी, आदित्य नारायण, पीयूष सिंह, पियूष सोनी, पियूष प्रजापति, रामलाल चौरसिया ,आयुष गुप्ता शामिल हैं। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मध्य प्रदेश टीम में चयन किया जाएगा। चयनित टीम हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

### ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में पदस्थापना को लेकर बढ़ी चर्चाएं

**शहडोल।** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) में इन दिनों पदस्थापना और जिम्मेदारियों को लेकर चर्चा का दौर तेज है। विभागीय सूत्रों और कर्मचारियों के बीच यह विषय गंभीर सवालों का कारण बना हुआ है कि बिना किसी स्पष्ट विभागीय आदेश के एक अधिकारी के.पी. पटेल को कार्यपालन यंत्री की जिम्मेदारी संभालते हुए देखा जा रहा है। आधिकारिक स्तर पर ऐसी किसी नियुक्ति अथवा आदेश की जानकारी सार्वजनिक नहीं होने से कर्मचारी वर्ग और विभागजनों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। सूत्रों का कहना है कि लंबे समय तक चली उपयंत्रियों की हड़ताल के बाद जब कर्मचारी हाल ही में कार्य पर लौटे, उसी दौरान कुछ स्थानों पर जिम्मेदारियों में बदलाव देखने को मिला। चर्चा यह भी है कि कुछ उपयंत्रियों को पसंदीदा स्थान पर पोस्टिंग मिलने के मामले में विभागीय पारदर्शिता को लेकर संदेह जताया जा रहा है, मनचाही पोस्टिंग के लिए कथित रूप से आर्थिक लेन-देन की बातें सामने आ रही हैं, जिनमें 50 हजार से 1 लाख रुपये तक की चढ़ोत्तरी की चर्चा जरूर गर्म है। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं है और न ही किसी अधिकारी ने इस पर औपचारिक बयान दिया है। सूत्रों का मानना है कि यदि पदस्थापना प्रक्रियाएं स्पष्ट, लिखित और विभागीय आदेशों के अनुरूप हों, तो ऐसी चर्चाओं पर विराम लगेगा। विभागीय कर्मचारी यह मांग कर रहे हैं कि जिम्मेदारियों के आवंटन और पदस्थापना सूची को औपचारिक रूप से जारी कर दिया जाए, जिससे विभाग में पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित हो सके। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में इन हालिया घटनाक्रमों ने व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल जरूर खड़े किए हैं। अब सभी की निगाहें विभागीय मुख्यालय की ओर हैं, जहां से अपेक्षा है कि जल्द ही स्थिति स्पष्ट करने वाला आधिकारिक आदेश जारी किया जाएगा।

# कन्या शिक्षा परिसर में भव्य जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह







## भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर जनजातीय संस्कृति संघर्ष और स्वाभिमान का हुआ गौरवपूर्ण विमर्श

शहडोल।

**कन्या शिक्षा परिसर कंचनपुर में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को समर्पित इस भव्य समारोह में जनजातीय नायकों के शौर्य, बलिदान, प्रकृति संरक्षण और जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए दिए ऐतिहासिक योगदान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, विशिष्ट अतिथि विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, सदस्य श्रीमती अमिता चपरा, उपाध्यक्ष श्रीमती फूलमती सिंह तथा जनपद अध्यक्ष सोहागपुर श्रीमती हीरावती कोल द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण से किया गया। विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति की बालिकाओं का कन्या पूजन कर पारंपरिक सम्मान भी प्रदान किया गया।**

### नेताओं के संबोधन में जनजातीय गौरव और विकास का संकल्प

मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपराओं और स्वाभिमान की रक्षा के लिए निरंतर कार्यरत है। नई शिक्षा नीति में जनजातीय नायकों—भगवान बिरसा मुंडा, टंट्या भील, रानी दुर्गावती, शंकर शाह–रघुनाथ शाह—की गाथाओं को शामिल कर युवाओं को उनके इतिहास से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना, धरती आबा कार्यक्रम और ग्राम उत्कर्ष योजना जनजातीय विकास में नई दिशा दे रहे हैं। छात्राओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि जनजातीय समाज ने सदियों से संघर्ष, साहस और प्रकृति संरक्षण की परंपरा जीवित रखी है। उन्होंने कोटमा में बैगा युवाओं के लिए संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग तथा छतवई-बरूका में प्रस्तावित होटल मैनेजमेंट प्रशिक्षण का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार जनजातीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठा रही है। विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि अपनी जड़ों और इतिहास से जुड़ने का अवसर है। उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आवास, सड़क और रोजगार योजनाओं के माध्यम से सरकार जनजातीय अंचलों का व्यापक विकास कर रही है। कार्यक्रम में गुजरात के नर्मदा जिले में आयोजित मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण भी देखा गया। साथ ही मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आलिराजपुर और जबलपुर से दिए गए संदेश भी लाइव दिखाए गए।

### आदि कर्मयोगी अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

भारत सरकार के आदि कर्मयोगी अभियान के तहत बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को मंच से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में डीएमटी दिनेश चंद्र मिश्रा, एपीओ मनोज कुमार मिश्रा, दिवाकर सिंह, श्रीमती रानी महोबिया, अनुराग निगम, केपी सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरित किए गए। साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत शुभ बैगा और पार्वती बैगा को साइकिल दी गई। आजीविका मिशन के अंतर्गत संजीवनी स्व सहायता समूह की सदस्य अनीता बैगा को 2 लाख 60 हजार रुपये का ऋण स्वीकृति चेक प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के आश्वासन प्रमाण पत्र, अनुदान आहार योजना के लाभ तथा मेधावी छात्र सम्मान भी वितरित किए गए।

### जनभागीदारी और उत्साह

समारोह में जिलेभर से आए जनप्रतिनिधि, अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं और नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने किया तथा आभार सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा ने व्यक्त किया। जनजातीय गौरव दिवस का यह भव्य आयोजन जनजातीय इतिहास, संस्कृति और योगदान के प्रति सम्मान के साथ विकास के संकल्प का प्रतीक बनकर उभरा।

### जनजातीय संस्कृति पर आधारित मनोहारी प्रस्तुतियाँ

कार्यक्रम में जनजातीय कला और संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए ग्राम पड़मनिया के बैगा दल ने पारंपरिक शैला नृत्य की प्रस्तुति दी। ज्ञानोदय विद्यालय विचारपुर की छात्राओं ने जोहार गीत और लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। कन्या शिक्षा परिसर कटकोना, लक्ष्मीबाई विद्यालय शहडोल, कंचनपुर परिसर तथा एकलव्य आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने जनजातीय अस्मिता, जीवनशैली और लोककला पर आधारित नृत्यों से सभी को प्रभावित किया। महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की छात्रा डाली महोबिया और एकलव्य विद्यालय के छात्र रवीन्द्र सिंह कंवर ने भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व-कृतित्व पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इसी दौरान एकलव्य विद्यालय के छात्र ने अपनी बनाई भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा मुख्य अतिथि को भेंट की। सभी प्रतिभागियों को सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, विधायकगण, आयुक्त, कलेक्टर एवं अन्य अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# सिंचौरा में अधेड़ महिला की निर्मम हत्या

## सोते वक्त धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या

शहडोल।



जिले के सीधी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंचौरा गांव में अपने कमरे में सो रही एक अधेड़ महिला की किसी अज्ञात ने धारदार हथियार से गर्दन पर वार कर हत्या कर दी, सुबह घर में खून से लथपथ मां को मृत अवस्था में देखकर बेटे के होश उड़ गए, पूरे गांव में इस सनसनीखेज हत्या से दहशत और गहरे संदेह का माहौल है। जानकारी के अनुसार मृतिका के पति का पहले ही निधन हो चुका था और वह अपने बेटे के साथ रहती थी, घटना की रात बेटा खेत में काम करने गया हुआ था। काम खत्म कर वह देर रात घर लौटा और सो गया, सुबह जब वह अपनी मां के कमरे में पहुंचा, तो मां को बिस्तर पर लहूलुहान हालत में पड़ा देखा, महिला की गर्दन पर गहरे घाव थे, जिससे स्पष्ट था कि उसकी निर्ममता से हत्या की गई है। सूचना मिलते ही सीधी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच तेज कर दी है। मामला अंधे हत्याकाण्ड का होने के कारण पुलिस ने कई बिन्दुओं पर जांच शुरू की है। घटना के समय घर में केवल मां-बेटे के होने और रात के वक्त किसी बाहरी के प्रवेश की संभावना कम होने के चलते पुलिस बेटे से गहन पूछताछ कर रही है। गांव में यह भी चर्चा है कि संभवतः किसी अवैध संबंध या व्यक्तिगत विवाद के कारण यह हत्या हुई हो सकती है। फिलहाल पुलिस हत्या के हर पहलू की जांच कर रही है। इस निर्मम वारदात ने शांत गांव में भय का माहौल पैदा कर दिया है और लोग आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## माल मिला, चोर भी पकड़े गए, फिर भी फरियादी खाली हाथ

# रेलवे कबाड़ चोरी में बड़ा खेल!

शहडोल।




रेलवे ट्रैक निर्माण में उपयोग होने वाली करीब एक से डेढ़ क्विंटल लोहे की सरिया चोरी और उसके बाद पुलिस की कथित हेराफेरी का मामला बुढ़ार में गंभीर सवालों के साथ उभरकर सामने आया है। फरियादी रवि सिंह राजपूत द्वारा थाना बुढ़ार में दिए गए आवेदन में चोरी करने वालों के नाम और ठिकाने तक का उल्लेख था, जिसके आधार पर पुलिस ने कबाड़ माफिया छोटू के यहां दबिश भी दी और चोरी का माल मौके पर बरामद भी किया, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से न तो माल फरियादी को सौंपा गया और न ही चोरों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की गई।

फरियादी के अनुसार, बुढ़ार पुलिस ने उसके सामने ही कबाड़ी के ठिकाने से चोरी गया सरिया बाहर निकलवाया, लेकिन बाद में वह माल कहां गया, इसकी जानकारी उसे नहीं दी गई। लगातार चक्कर लगाने के बाद भी उसे न तो माल मिला और न ही केस में प्रगति की स्पष्ट जानकारी। इससे यह सवाल उभर रहा है कि बरामद माल आखिर गया कहां? और किसके आदेश पर कबाड़ माफिया को राहत दी गई? स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार हो रही कबाड़ चोरी पर पुलिस आंखें मूंदे हुए है। फरियादी का कहना है कि न्याय की उम्मीद लेकर थाने गया था, पर दिख रहा है कि पूरा खेल पहले से तय था।

पूर्व थाना प्रभारी द्वारा कबाड़ कारोबारी छोटू को कथित रूप से अभयदान देने की चर्चा भी जोर पकड़ रही है। वहीं वर्तमान थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार ने शिकायत की जांच कर उचित कार्रवाई की बात कही है, लेकिन सवाल जस का तस है, यदि माल चोरी हुआ, चोर पकड़े गए, माल बरामद हुआ, तो वह माल गया कहां? रेलवे का कबाड़ चोरी होना और फिर पुलिस कार्रवाई पर ऐसे सवाल उठना व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं। स्थानीय लोगों में इस प्रकरण को लेकर गहरी नाराजगी है और वे निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

# कांग्रेस द्वारा मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा जयंती

शहडोल।



जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी और उपनिवेशवाद-विरोधी भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती के उपलक्ष्य में भारत में हर साल 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस (जनजातीय गौरव) मनाया जाता है,इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व मे जिला कांग्रेस द्वारा भगवान बिरसा मुंडा चौक पर बिरसा मुंडा जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित कर उन्हे नमन किया।

जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने कहा कि,देश के महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा जी को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। जनजातीय गौरव दिवस के इस पावन अवसर पर पूरा देश मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए उनके अतुलनीय योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण कर रहा है। विदेशी हुकूमत के अन्याय के खिलाफ उनका संघर्ष और बलिदान हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि,धरतीआबा बिरसा मुंडा उनका जन्म भले ही गरीब परिवार में हुआ हो लेकिन उन्होंने अपने साहस, संघर्ष और सोच से एक पूरा आंदोलन खड़ा कर दिया. उन्होंने न केवल अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई, बल्कि अपने समाज की संस्कृति और पहचान को बचाने का बड़ा काम किया. उनका जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के खूंटी जिले के उलिहातू गांव में हुआ था. बिरसा मुंडा ने 1895 में 'बिरसाइत धर्म' की शुरुआत की. यह केवल एक धर्म नहीं था, बल्कि एक आंदोलन था जो आदिवासी समाज को उनके मूल धर्म और पहचान की ओर वापस ले गया, उन्होंने लोगों को संगठित किया और उन्हें एकजुट होने का संदेश दिया. उनके आंदोलनों ने बल दिया था और यही वजह है कि बिरसा मुंडा केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि विचार और आंदोलन का नाम हैं। इस दौरान मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, जयकरण सिंह, जिला उपाध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह, पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सिराज खान, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आशीष तिवारी,एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, सोहागपुर ब्लाक अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, शोएब अंसारी, दलप्रताप सिंह, प्रेमधारी सिंह, ओंकार सिंह आदि कॉंग्रेसजन उपस्थित रहे।

## शहडोल—पुलिस की त्वरित कार्रवाई

# चार गुम नाबालिग बालिकाएं सुरक्षित बरामद

### एसपी के निर्देश पर जैतपुर व जयसिंह नगर पुलिस की संयुक्त सफलता

शहडोल।



जिले में पुलिस अधीक्षक ने लंबित गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं के प्रकरणों की त्वरित दस्तयाबी के लिए सभी थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में जैतपुर थाना पुलिस ने एक तथा जयसिंहनगर थाना पुलिस ने तीन नाबालिग बालिकाओं को खोज निकालने में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है। सभी बालिकाओं को सुरक्षित बरामद कर विधि अनुसार परिजनों को सुपुर्द किया गया।

### जैतपुर थाना, एक नाबालिग बालिका बरामद

25 अक्टूबर को 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत परिजनों ने थाना जैतपुर में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना आरंभ की गई। पुलिस दल ने परिजनों से प्राप्त जानकारी के आधार पर लगातार पतासाजी की और सूचना मिलने पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए 14 नवंबर 2025 को बालिका को ग्राम पैरी बहरा, थाना जैतपुर क्षेत्र से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया।

### जयसिंहनगर थाना, तीन नाबालिग बालिकाएं बरामद

06 सितंबर को 14 वर्षीय नाबालिग को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। सतत खोजबीन के बाद पुलिस टीम ने 15 नवंबर 2025 को बालिका को ग्राम पथरेता, थाना ब्यौहारी (शहडोल) से दस्तयाब कर लिया। 15 जुलाई 2025 को 16 वर्षीय नाबालिग के गुम होने पर अपराध पंजीबद्ध किया गया था। गहन प्रयासों के बाद 15 नवंबर 2025 को पुलिस ने उसे ग्राम पथरेता, थाना ब्यौहारी से सुरक्षित बरामद किया। 17 जून 2025 को 14 वर्षीय नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज हुई थी। सतत जांच और निगरानी के बाद 15 नवंबर 2025 को पुलिस ने बालिका को थाना जैतपुर परिसर के पास से दस्तयाब किया।

### पुलिस की सक्रियता से राहत

लगातार की गई कोशिशों और तेज कार्रवाई के चलते चारों नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित खोज निकाला गया। जिलेभर में पुलिस की इस सफलता की सराहना की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने कहा है कि नाबालिगों से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

**रजिस्ट्री गुमी सूचना**

मैं राजाराम गुप्ता आयु 58 के पिता स्व. मोहनलाल गुप्ता, निवासी बँधवाबड़ा तहसील सोहागपुर थाना व जिला शहडोल म.प्र. का हूँ मेरा आधार नं.-5791, 3250, 1706 यह कि ग्राम बँधवाबड़ा पट. हल्का बंधवाबडा तहसील सोहागपुर स्थित आराजियात खसरा क्रं.- 427/1, 427/2/ 2 को मैं विधिवत क्रय कर अपने नाम से विक्रय पत्र पंजीयन क्रमांक एमपी 378582017ए 1322338 दिनांक 14.06.2017 के माध्यम से विक्रय पत्र पंजीयन कराकर विक्रय पत्र प्राप्त कर लिया । मेरे नाम से विक्रय पत्र भूलवश कहीं खो गया है और काफी तलाश के बाद नहीं मिला। मेरे उक्त विक्रय पत्र का कहीं दुरुपयोग नही किया है । यह कि मैं अपने उक्त विक्रय पत्र गुमने की सूचना दर्ज कराने हेतु उक्त आश का शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा है ।

शपथकर्ता
राजाराम मुला
मो.नं. - 6260509748
BV 794493

# ज्वेलरी दुकान में बड़ा चोरी कांड, युवक 35 जोड़ी सोने के टॉप्स लेकर फरार

### सीसीटीवी में कैद वारदात

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के मार्तंडगंज में स्थित एक ज्वेलरी दुकान में शुक्रवार को फिल्मी अंदाज में चोरी की वारदात सामने आई। ग्राहक बनकर आए एक युवक ने महज चंद सेकंड में 35 जोड़ी सोने के टॉप्स वाला पैकेट उंगलियों के बीच दबाकर चुरा लिया और आराम से दुकान से बाहर निकल गया। हैरानी की बात यह है कि घटना के वक्त दुकान में मौजूद महिला सेल्सगर्ल को चोरी की जरा भी भनक नहीं लगी। पुलिस के अनुसार मार्तंडगंज निवासी ज्वेलरी व्यवसायी सत्यनारायण सोनी ने शिकायत दर्ज कराई है कि शाम को दुकान बंद करने के पहले जब उन्होंने जेवरातों की गिनती की, तो एक पैकेट गायब मिला। संदेह होने पर जब दुकान का सीसीटीवी फुटेज देखा गया, तो पूरा मामला सामने आया। फुटेज में एक युवक जेवर देखने के बहाने दुकान में प्रवेश करता है। महिला सेल्सगर्ल उसे सोने के टॉप्स दिखाती है, इसी दौरान आरोपी बेहद सफाई से एक पैकेट उंगलियों के बीच छिपाकर अपनी पीछे की जेब में



डाल लेता है और सामान्य ग्राहक की तरह दुकान से बाहर चला जाता है। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि चोरी गए पैकेट में 35 जोड़ी सोने के टॉप्स थे, जिनका कुल वजन लगभग 32 ग्राम और कीमत करीब 4.30 लाख रुपये से अधिक है। घटना की ख़बर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान और तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। गौरतलब है कि इसी तरह की एक चोरी बीते माह कोतवाली क्षेत्र की ज्वेलरी दुकान में भी हुई थी, जिसका फुटेज सामने आने के बावजूद आरोपी अभी तक पुलिस की पकड़ से दूर है। लगातार ज्वेलरी दुकानों को निशाना बनाए जाने से व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बढ़ने लगी है।

**कोल्ड स्टोर बेचना है**

लोकेशन शहडोल ब्योहारी मेन रोड ग्राम धोरसा में 1.5 एकड़ जमीन मे स्थित कोल्ड स्टोर शीघ्र बेचना है।

संपर्क सूत्र- 7489565094, 6262353231

## एक ही काम पर दो अनुभव प्रमाणपत्र, फर्जीवाड़े के आरोपों से हिली टेंडर प्रक्रिया

# एक ही काम पर दो अनुभव प्रमाण पत्र फर्जीवाड़े के आरोपों से हिली टेंडर प्रक्रिया

### सोहागपुर एरिया में टेंडर घोटाले का धमाका!




**शहडोल।** सोहागपुर एरिया में सीआईएसएफ जवानों को ड्यूटी प्वाइंट तक पहुंचाने के लिए निकाले गए चार-पहिया वाहनों के टेंडर में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। जिस ठेकेदार फर्म ने बोली लगाई, उसके द्वारा जमा किए गए अनुभव प्रमाणपत्रों में ऐसे विरोधाभास मिले हैं, जो पूरे तंत्र के भीतर लंबे समय से पनप रहे भ्रष्टाचार की पोल खोल रहे हैं। मामला जैसे ही सतह पर आया, सोहागपुर एरिया में हलचल तेज हो गई है और टेंडर कमेटी तथा वित्त शाखा की भूमिका पर सवालों की बाढ़ आ गई है।

### एक ही वर्क ऑर्डर पर दो पूर्णता प्रमाण पत्र

पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब टेंडर में अनुभव सिद्ध करने के लिए प्रस्तुत किए गए दो पूर्णता प्रमाण पत्र जांच के दौरान एक-दूसरे से पूरी तरह अलग दिखाई दिए। दोनों ही पत्र एक ही वर्क ऑर्डर पर आधारित बताए गए, वाहनों की हायरिंग 12 घंटे प्रतिदिन, 730 दिन की अवधि। किंतु दोनों में तारीखें, लेटरहेड, हस्ताक्षरकर्ता अधिकारी, भुगतान राशि और यहां तक कि डीज़ल खर्च तक में भारी अंतर मिलता है। पहला प्रमाण पत्र अगस्त 2025 में जारी बताया गया, जिसमें कुल भुगतान राशि लगभग 77 लाख दिखाई गई। इसमें डीज़ल खर्च 42.55 लाख दर्ज है। वहीं दूसरा प्रमाण पत्र नवंबर 2025 का है, जिसे एक अन्य कार्यालय से जारी दिखाया गया और उसमें कुल भुगतान राशि 56.62 लाख दर्शाई गई है। यहाँ डीज़ल खर्च मात्र 22.08 लाख बताया गया। दोनों दस्तावेज़ों की तुलना करने पर स्पष्ट होता है कि एक ही काम के लिए दो विरोधाभासी प्रमाण पत्र किसी बड़े उद्देश्य को ध्यान में रखकर तैयार किए गए होंगे, ऐसा आरोप लगाने वालों का कहना है। विशेषज्ञों के अनुसार यह संभव ही नहीं कि एक ही वर्क ऑर्डर पर दो अलग-अलग भुगतान विवरण, दो अलग हस्ताक्षरकर्ता, दो लेटरहेड और दो पत्र क्रमांक हों।

### पात्रता पूरी करने के लिए कूट-रचना?

टेंडर की पात्रता में 75 लाख रुपए के पूर्व अनुभव का प्रावधान था। आरोप है कि वास्तविक भुगतान लगभग 59 लाख के आसपास था, जबकि पात्रता बढ़ाने और ठेके को हांसिल करने के उद्देश्य से एक दूसरा बढ़ी हुई राशि वाला प्रमाण पत्र तैयार कराया गया। विरोधाभास यहीं नहीं रुकते, डीज़ल खर्च में 20 लाख रुपए से अधिक का अंतर स्वयं में पूरी कहानी बयान करता है। स्थानीय ठेकेदारों का कहना है कि इस तरह के टेलर-मेड यानी मनमाफिक़ दस्तावेज़ तैयार करने का खेल वर्षों से चलता आ रहा है। जिन ठेकेदारों का सिस्टम से मेल नहीं बैठता, वे शुरुआत में ही बाहर कर दिए जाते हैं, जबकि कुछ चुनिंदा फर्मों को लेकर प्रक्रिया पहले से तय कर दी जाती है।

### टेंडर कमेटी और फाइनेंस विंग पर उंगली!

सबसे गंभीर आरोप यह हैं कि यह फर्जीवाड़ा अकेले संभव नहीं था। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि इस खेल में टेंडर कमेटी के कई सदस्य और वित्त विभाग के कुछ अधिकारी शामिल हो सकते हैं। उनका कहना है कि बिना किसी अंदरूनी मदद के इस प्रकार के दस्तावेज़ तैयार कराना और जमा हो जाना संभव नहीं लगता। टेंडर कमेटी की भूमिका इसलिए भी सवालों के घेरे में है क्योंकि दस्तावेज़ों के सत्यापन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी इन्हीं की होती है। यदि इतने बड़े विरोधाभास वाले कागजात भी जांच में अनदेखे रह जाएं, तो यह किसी अनियमितता की ओर ही संकेत करता है, फाइनेंस विंग पर आरोप इसलिए बढ़े हैं क्योंकि भुगतान और डीज़ल व्यय जैसे वित्तीय बिंदु सीधे तौर पर इन्हीं के रिकॉर्ड से मेल खाते हैं। दो दस्तावेज़ों में लाखों रुपए का अंतर सामने आना इस विभाग की भूमिका पर भी संदेह पैदा करता है।



### स्थानीय ठेकेदारों में रोष

कई स्थानीय ठेकेदार खुलकर कह रहे हैं कि यह मामला तो बस सतह पर आया है, जबकि असल भ्रष्टाचार सालों से जड़ें जमाए बैठा है। उनका आरोप है कि हर बड़े वाहन टेंडर में नियमों को चयनित ठेकेदारों के हिसाब से मोड़ा जाता है। जिनके पास पहुंच है, वे पात्र भी बन जाते हैं और जिन्हें सिस्टम पसंद नहीं करता, वे तकनीकी कारण बता कर बाहर कर दिए जाते हैं। कुछ स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि सोहागपुर एरिया में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े कुछ अधिकारी परोक्ष रूप से लाभ ले रहे हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं है।

### एरिया मुख्यालय में हडक़ंप

जब दस्तावेज़ों का विरोधाभास सामने आया, तो सोहागपुर एरिया मुख्यालय में तेजी से फाइलें खंगाली जाने लगीं। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार कई कर्मचारी अब जांच की आहट से चिंतित दिखाई दे रहे हैं। चर्चा यह भी है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच हुई, तो कई बड़े नाम सामने आ सकते हैं, क्योंकि टेंडर से जुड़े निर्णय एक-दो लोगों से संभव नहीं होते।

### स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए

स्थानीय सामाजिक संगठन और मजदूर संघ इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह केवल दस्तावेज़ों की हेराफेरी नहीं, बल्कि सरकारी राजस्व की सीधी और संगठित क्षति है। साथ ही यह उन ईमानदार ठेकेदारों के अधिकारों पर भी आघात है, जिन्हें अनुचित तरीके से बाहर कर दिया गया। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इस फर्जीवाड़े पर वास्तविक कार्रवाई होगी? क्या टेंडर कमेटी, फाइनेंस विंग और संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया जाएगा? या फिर मामला कुछ दिनों की हलचल के बाद किसी फाइल के अंदर ही शांत कर दिया जाएगा।

---

## जननायकों के संघर्ष और संस्कृति की गूंज से दिनभर माहौल रहा प्रेरक

# जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम सम्पन्न




**उमरिया।**

करकेली जनपद पंचायत के बिरसा खेल परिसर डगडौआ में मंगलवार को जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय आयोजन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं ने जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन और बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहडोल संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद ज्ञान सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज को उसकी चेतना, संस्कृति और आत्मसम्मान से जोडने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए आंदोलन छेड़ा तथा अंग्रेजों के विरुद्ध स्वतंत्रता संघर्ष के पूर्व ही विद्रोह का बिगुल फूंक दिया। उन्होंने कहा कि ईसाई मिशनरियों द्वारा किए जा रहे जबरन धर्मांतरण के विरुद्ध बिरसा मुंडा ने मुखर होकर जनजागृति की।

बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा भारतीय इतिहास के ऐसे आदिवासी सेनानी थे जिन्होंने मात्र 25 वर्ष की आयु में अंग्रेजों के विरुद्ध उलगुलान आंदोलन खड़ा कर बिहार-झारखंड सहित समूचे जनजातीय क्षेत्र को आंदोलित कर दिया। उनका कृतित्व आज भी नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देशहित में कार्य करना चाहिए।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने बिरसा मुंडा के जीवन का विस्तार से उल्लेख करते हुए बताया कि उनका जन्म 15 नवंबर को रांची जिले के उलिहतु गाँव में हुआ था। जनजातीय समाज के उत्थान, स्वाभिमान और स्वराज की स्थापना के लिए उन्होंने संघर्ष का मार्ग चुना। सिंह ने बताया कि 1 से 15 नवंबर तक स्कूलों, ग्रामों और जनजातीय समुदायों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा जनजातीय गौरव रथ यात्रा के माध्यम से बिरसा मुंडा की जीवनी और उनके संदेशों का प्रसार किया गया। रथ यात्रा का समापन आज के कार्यक्रम में हुआ।

कार्यक्रम में वक्ता आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि बिरसा मुंडा युवाओं के लिए प्रेरणा पुंज हैं। उन्होंने जल, जंगल, जमीन बचाने के लिए जो संघर्ष किया, वह जनजातीय समाज ही नहीं, समूचे भारत के लिए सीख है। समारोह में सेंट जोसेफ स्कूल विंध्य के बच्चों ने बिरसा मुंडा की जीवनी पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। बिरहुलिया व करनपुरा के कलाकारों ने जनजातीय लोकनृत्य से वातावरण को प्रफुल्लित किया। अन्य बच्चों द्वारा आदिवासी गीतों पर नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण भी कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित जनसमूह ने देखा और सुना। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों, सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वालों तथा विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत करकेली अध्यक्ष प्रियंका मून सिंह, जिला पंचायत सदस्य मीना कैलाश सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग पूजा द्विवेदी, जमीनदाता नत्थू कोल सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### विभागों ने लगाई प्रदर्शनी

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में जनजातीय जननायकों के शौर्य, समर्पण और जीवन संघर्ष को दर्शाने वाले चित्र एवं सामग्री आकर्षण का केंद्र रही। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने नल-जल योजनाओं की जानकारी दी, स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य सुविधाओं का विवरण प्रस्तुत किया। स्व-सहायता समूह द्वारा चना, उड़द, मुनगा पाउडर, जीवामृत, साबुन और घरेलू उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। सामाजिक न्याय विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, कृषि विभाग और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा ने भी अपनी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी जनसमूह को दी। प्रदर्शनी का उद्देश्य शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देना था। कार्यक्रम देर शाम तक उत्साह और जनभागीदारी के साथ जारी रहा।

---

## जनजातीय नायकों के योगदान की पुस्तक का हुआ विमोचन




**उमरिया** 15 नवंबर। करकेली बिरसा मुंडा खेल परिसर में आयोजित जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अथिति पूर्व सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र ज्ञान सिंह सहित अन्य अतिथियों ने स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति नायकों के योगदान की पुस्तक का विमोचन किया । पुस्तक में अमर बलिदानी बिरसा मुंडा,राणा पूंजा भील, रानी दुर्गावती,सिनगी दई, नंतराम नेगी,तिलका मांझी, बख्तर साय- मुंडल सिंह, वीर बुधु भगत,नारायण सिंह, महुआ कोल, डेलन शाह, नीलाम्बर पीताम्बर, राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह सहित अमर बलिदानियों का चित्रण किया गया है। इस अवसर पर विधायक बांधावगढ़ शिवनारायण सिंह, प्रभारी कलेक्टर एवं सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह,जनपद पंचायत अध्यक्ष करकेली प्रियंका मून सिंह, जिला पंचायत सदस्य मीना सिंह,आशुतोष अग्रवाल,नत्थू कोल सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय जन जाति गौरव दिवस समारोह

## विभिन्न निर्माण कार्यों का किया गया लोकार्पण



**उमरिया।** बिरसा मुण्डा खेल परिसर डगडौआ में आयोजित जिला स्तरीय जन जाति गौरव दिवस समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद ज्ञान सिंह , प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष करकेली प्रियंका मून सिंह , श्री आसुतोष अग्रवाल सहित अन्य जनों ने विभिन्न कार्यो का लोकार्पण किया जिसमें बहुउददेषीय भवन निर्माण कार्य ग्राम बरही लागत 60 लाख रूपये, ग्राम चिरूहुला मे बहुउददेषीय निर्माण कार्य लागत 60 लाख जनपद करकेली तथा बहुउद्देशीय भवन निर्माण कार्य ग्राम खोल खम्हरा लागत 60 लाख रूपये, पीएम जन मन के आंगनबाडी केन्द्र सहित निर्माण कार्यो का लोकार्पण किया।

## 19 नवंबर को सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि जिला पंचायत उमरिया की सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन की बैठक 19 नवंबर को दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत उमरिया के सभाकक्ष में आहूत की गई है। बैठक में पिछली कार्यवाही विवरण पर चर्चा, पालन प्रतिवेदन, स्वास्थ्य विभाग के जिले मे चल रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा, खाद्य आपूर्ति, सहकारिता विभाग की समीक्षा सहित अन्य बिंदुओ पर चर्चा की जाएगी ।

---



## रीडर ऑपरेटर और पटवारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**उमरिया।** शहडोल संभागायुक्त सुरभि गुप्ता के निर्देशानुसार संभाग के तीनों जिलों में राजस्व न्यायालय में कार्यरत राजस्व अधिकारी, रीडर,ऑपरेटर तथा पटवारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशानुसार जिले में 13 नवंबर से तहसीलवार प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम मानपुर तहसील , पाली तहसील तथा अंतिम दिवस बांधवगढ़ तहसील के राजस्व अधिकारी तथा विभाग के अनुविभागीय ओर तहसील न्यायालय के समस्त रीडर , ऑपरेटर ओर पटवारियों का प्रशिक्षण जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया जिसमें संभागीय सलाहकार शहडोल संभाग उपेंद्र त्रिपाठी ने राजस्व प्रकरणों के पंजीयन ओर निराकरण से संबंधित पोर्टल त्ब्डै, वेब जी आई एस,सारा के बारे में लाइव प्रशिक्षण प्रदान किया गया । तहसील स्तर पर साइबर तहसील के 1.0 तथा 2.0 में पटवारी रिपोर्ट आने के बाद उनका निराकरण कैसे करे किसी प्रकरण में पॉजिटिव रिपोर्ट है पर न्यायालय में आपत्ति प्राप्त हुई तो कैसे समाधान करे उसके बारे में बताया गया इसके साथ साथ आरसीएमएस में दर्ज भूमि आवंटन के प्रकरण में कलेक्टर न्यायालय से दर्ज होकर किस तरह आरसीएमएस ओर तहसीलदार तक ऑनलाइन माध्यम से भेजना है तथा पटवारी रिपोर्ट के बाद पुनः कलेक्टर न्यायालय तक अंतिम आदेश हेतु प्रकरण भेजना है के बारे में भी बताया गया , इसके साथ त्ब्डै में लंबित आर्थिक सहायता, डायवर्शन, बंटवारा,सीमांकन तथा अन्य मॉड्यूल के बारे में भी ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया गया साथ ही पेशी से गिरे प्रकरण एवं रीडर तथा पीठासीन अधिकारी की राजस्व आई डी में कोई भी प्रकरण बे वजह लंबित नहीं रहे की समझाइश भी प्रदान की गई राज्य शासन द्वारा राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों के पंजीयन ओर निराकरण के लिए आरसीएमएस पोर्टल बनाया गया है जिसके माध्यम से लोक सेवा से अधिसूचित प्रकरणों के साथ साथ सभी प्रकरणों का पंजीयन एवं निराकरण किया जाता है , तथा कई बार तकनीकी त्रुटि या ऑनलाइन प्रक्रिया के जानकारी के अभाव में प्रकरण समय सीमा से बाहर हो जाते है जिसके कारण निराकरण होने में समय लगता है,हितग्राहियों को समय पर राजस्व न्यायालय से प्रकरणों का निराकरण होकर कार्य हो तथा किसी भी प्रकार से आवेदकों को परेशान ना होना पड़े उसके ध्यानार्थ यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया था जिसमें उपेंद्र त्रिपाठी ने सभी मॉड्यूल का ऑनलाइन लाइव प्रकरण वार जानकारी प्रदान की । प्रशिक्षण समापन में अनुविभागीय अधिकारी अंबिकेश सिंह,तहसीलदार दिलीप सोनी,कौशल सिंह, शेषमणि,विनोद वर्मा तथा समस्त लोग उपस्थित रहे ।

## कन्या छात्रावास में बाल दिवस कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर में स्थित अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास परिसर में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेशनल एसोसिएशन वीं क्लब आफ इंडिया कोतमा निरू स्वार्थ क्लब के सौजन्य से बालिकाओं के मध्य प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हुए उनकी प्रतिभाओं का सम्मान किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही बालिका शिक्षा का महत्व विस्तार से बताया गया। बालिकाओं के उत्साह वर्धन के लिए क्लब की ओर से प्रथम द्वितीय तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार दिए गए एवं आवश्यक स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम मे छात्रावास अधीक्षक श्रीमती राधा प्रजापति क्लब की अध्यक्ष श्रीमती मोहनी वर्मा क्लब सचिव डाक्टर संगीता प्रजापति वी रीता गुप्ता वी बवीता गुप्ता वी वी छाया बरसैया मीनाक्षी वी साई गीता एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

## जानलेवा साबित हो रहा उबड़-खाबड़ सड़क



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के पुराने रेलवे फाटक से अंडर ब्रिज होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय तक रेलवे के द्वारा सीसी सड़क का निर्माण कार्य करवाया गया था लेकिन वर्तमान में सड़क की हालत जर्जर होने लगी है सड़क की गिट्टी उखड़ने लगी है। सड़क उबड़-खाबड़ होते जा रही है। अंडर ब्रिज से उत्कृष्ट विद्यालय जाने वाले रास्ते मे ही सड़क की गिट्टी उखड़ने के कारण लोहे की राड बाहर निकल आई है। जिसके कारण हर समय वाहन चालकों के साथ ही पैदल चलने वाले राहगीरों को हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इतना ही नही रेलवे अंडर ब्रिज से उत्कृष्ट विद्यालय जाने वाले रास्ते एवं बाजार जाने वाले रास्ते मे ही अंडर ब्रिज तिराहा में दोनों तरफ सीमेंट का बड़ा ब्रेकर बना दिया गया है जिसके कारण लोगों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है वर्तमान में ब्रेकर की स्थिति यह है कि दोनों तरफ के ब्रेकर में बीच सड़क मे ब्रेकर उखड़ गया है जिसके कारण वाहन चालक किनारे से वाहन निकाल रहे हैं और साईट का ध्यान नहीं रखने के कारण आए दिन दुर्घटना घटित हो रही है। जबकि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है कि बिना सुप्रीम कोर्ट के परमिशन के ब्रेकर का निर्माण नहीं करवाया जाए लेकिन मनमाने ढंग से ब्रेकर का निर्माण करवा दिया गया है जिसके कारण लोगों को कोई बड़ी दुर्घटना घटित होने का अंदेशा बना रहता है। नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका प्रशासन दोनों तरफ के ब्रेकर को हटावाने की कार्यवाही किया। साथ ही रेलवे प्रबंधन सड़क की जर्जर हालत एवं बीच सड़क मे निकले लोहे की राड की मरम्मत करवाये क्या कोई बड़ी दुर्घटना का इंतजार है।



## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के ऊपर टोला निवासी युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के बारे में बताया जाता है कि शनिवार की शाम 4.05 बजे के बीच बुढानपुर रोड स्थित विसर्जन कुंड के पास खेत में लगे आम के पेड़ में तौलिया से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि मृतक का नाम दुर्गा उर्फ लुलु पंडा पिता शंकर पनिका ऊपर टोला पुरानी बस्ती का रहने वाला बताया जाता है। वहां से निकलने वाले राहगीरों ने जब पेड़ में फांसी से लटकते हुए शव को देखा तो घटना की जानकारी कोतमा पुलिस को दी गई मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई हालांकि अभी आत्महत्या के कर्म का पता नहीं चल पाया है।

## आयोजित हुआ जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** भगवान बिरसा मुंडा जी की विचारधारा क्रांतिकारी थी जब-जब इस धरती पर तानाशाही और गुलामी की बात आएगी तब तक भगवान बिरसा मुंडा जैसे महापुरुषों का अवतरण होगा। उक्त उद्बोधन रामखेलावन तिवारी जनपद सदस्य कोतमा ने मुख्य अतिथि की हैसियत से व्यक्त की। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था जी.एस. हितकारिणी समिति कोतमा के द्वारा आयोजित जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम ग्राम पंचायत भवन बैहा टोला में किया गया सभा अध्यक्ष के रूप में सरपंच श्रीमती कंचन सिंह उपस्थित थी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सरिमन साकेत सचिन जगदीश साहू उपस्थित थे। सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा जी की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया धीरज विश्वकर्मा एवं श्रीमती मीना सिंह ने बिरसा मुंडा जी पर प्रेरक गीत गाए उपस्थित मंचा सीन अतिथियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था सचिव ओंकार सिंह ने किया तथा आभार महेंद्र यादव ने किया इस कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### फसल अवशेष प्रबंधन उपाय अपनाएं

**उमरिया।** किसान फसल अवशेष प्रबंधन उपाय अपनाकर खेत और पर्यावरण को नुकसान होने से बचाएं। नरवाई जलाने से एक तरफ जहां भूमि की उर्वरा शक्ति समाप्त होती है, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। खेत मे मौजूद केचुए कम हो जाते है। जमीन मे लाभदायक जीवाणुओं की क्रियाशीलता कम हो जाती है। उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कृषि विभाग व्द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन अपनाने का संदेश देने हेतु चलाए गए रथ को हरी झंडी दिखाते हुए व्यक्त किए गए । उन्होने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के परिपालन में पर्यावरण प्रदूषण एवं नियंत्रण अधिनियम 1981 के तहत मध्यप्रदेश शासन ने धान एवं गेंहू तथा अन्य फसल की कटाई के बाद नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया है। इसका उल्लंघन किए जाने पर संबन्धित से पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप के जुर्माना लिया जावेगा। नोटिफिकेशन के प्रावधान अनुसार 2 एकड़ से कम भूमि वाले किसान होने पर जुर्माना 2500 रु., 2 से 5 एकड़ भूमि वाले किसान होने पर जुर्माना 5000 रु. ,5 एकड़ से ज्यादा भूमि वाले किसान होने पर जुर्माना 15000 रु. हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का आयोजन



**बिरसिंहपुर पाली।** शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया में धरती आवा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जनजाति गौरव दिवस बड़े हर्ष उल्लास के साथ आयोजित कार्यक्रम किया गया जिसमे महाविद्यालय के प्राचार्य श्री हरलाल अहिरवार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ शाहिद ए सिद्दीकी एवं श्री अनुभव श्रीवास्तव, श्रीमति श्यामा पाटले, प्रहलाद सिंह, श्री मुन्ना सिंह राठौर, राजू कर्मचारी तथा राजू कोल, मुकेश विश्वकर्मा उपस्थित रहे हैं।

### जनजातीय गौरव दिवस' का आयोजन आज

**कटनी।** धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष के उपलक्ष्य पर शनिवार 15 नवंबर को ढीमरखेड़ा के महात्मा गांधी मैदान में सुबह 10 बजे से खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा के मुख्य आतिथ्य में जनजातीय गौरव दिवस' के जिला स्तरीय कार्यक्रम का गरिमापूर्ण आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी ने कार्यक्रम की तैयारियों के लिए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। इसके अलावा प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय पर भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनजातीय गौरव दिवस से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन एवं अन्य विभागों द्वारा अपने विभाग से संबंधित प्रमुख योजनाओं की प्रदर्शनी एवं स्टाल लगाई जाएगी। साथ ही कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले आगंतुकों एवं हितग्राहियों को शासन के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### कंट्रोल रूम के सुचारू संचालन टीम गठित कर सौंपे दायित्व

**कटनी।** जन जातीय कार्य विभाग के अंतर्गत जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समापन के अवसर पर जबलपुर में शनिवार, 15 नवंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम गौरव दिवस के सुचारू क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत कार्यालय में कंट्रोल रूम का गठन किया है। सुश्री कौर ने कंट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी श्री कमलेश सैनी जिला समन्वयक (एसबीएम) जिला पंचायत कटनी 8770081879 को नामांकित करते हुए आठ सदस्यों की टीम गठित की है। लोक सेवक सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन कमलेश सैनी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में करेंगे। गठित टीम में धनराज चौधरी जिला समन्वयक सामाजिक अंकेक्षण जनपद पंचायत बहोरीबंद, पंकज नामदेव जिला कार्यक्रम प्रबंधक आरजीसीए विजयराघवगढ़, लेखपाल बड़वारा एवं सुग्रीव मरावी डाटा एंट्री ऑपरेटर कटनी डिवीजन आबंटित जनपद पंचायतों से संबंधित कार्यों का संपादन करेंगे।

### विद्यापति स्मृति समारोह का आयोजन 28 को

**कटनी।** भोजपुरी साहित्य अकादमी, म.प्र. संस्कृति परिषद् भोपाल द्वारा आगामी 28 एवं 29 नवम्बर को शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के सभागार में दो दिवसीय ₹विद्यापति स्मृति समारोह₹ का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में देश के प्रख्यात कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जायेगी। इस समारोह के आयोजन हेतु कार्यक्रम स्थल का आरक्षण एवं अन्य आवश्यक समुचित व्यवस्था के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर डॉ. सुनील कुमार बाजपेई, प्राचार्य शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही श्री बाजपेई को समारोह संबंधी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए हैं।

## विद्यासागर हायर सेकंडरी इंग्लिश मीडियम, स्कूल में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# छात्र पुलिसिंग कार्य प्रणाली से भी अवगत हो

### विज्ञान के अविष्कार को बच्चों ने निर्माण कर अध्ययन की कड़ी में अच्छी शुरुआत की

**बुढ़ार।** बाल दिवस के अवसर पर विज्ञान मेला का आयोजन विद्यासागर हायर सेकंडरी इंग्लिश मीडियम, बचपन प्ले स्कूल में वैज्ञानिक सोच का विकास पर भौतिक, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रयोगों को छात्रों के द्वारा दर्शाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि अनुविभागीय पुलिस अधिकारी विकास पांडेय, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी के द्वारा विज्ञान थीम का अनावरण किया।

बाल दिवस विज्ञान मेला में उमराह एवं कु, सृष्टि जैन के द्वारा ड्राइवरों को हाईवे में वाहन चलाते समय सामने की ओर से आने वाले वाहन चालक के द्वारा डिपर न देने के कारण होने वाले दुघर्टनाओं को रोकने के लिए आटोमेटिक डिपर सिस्टम बनाया। इसी तरह कक्षा 12 वी कामर्स के छात्रों के द्वारा सोलर सिस्टम रुम का निर्माण संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन अतिथियों ने किया। बाल मेला कार्यक्रम को एसडीओपी विकास पाण्डेय सम्बोधित करते हुए कहा कि विधालय में बच्चों के गुरुजन उनकी भावनाओं के विपरित परिस्थितियों को कभी न दोहराएं बल्कि उनके भैतिक ज्ञान में असफलता पाने वाले छात्र को अपनी गलतियां को सुधारने का एक अवसर अवश्य दें जिससे छात्र का मनोबल न टूटें। श्री पांडेय ने अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा कि अपने बच्चों से किये गये वायदे को हमेशा पुरा यदि आप मोबाइल का उपयोग करते हैं तो बच्चों को कभी माना न करें ऐसा करने से उनका मनोबल बढ़ता है, साथ ही विधालय प्रबंधन एक बार छात्रों के साथ मेरे आफिस का दौरा करें जिससे बच्चों को पुलिसिंग कार्य प्रणाली से अवगत हो सकें कि समाज में पुलिस कैसे कार्य करती हैं।







नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल दिवस के अवसर पर एक नये थीम के साथ विज्ञान के अविष्कार को बच्चों ने निर्माण कर अध्ययन की कड़ी में अच्छी शुरुआत की है जिससे छात्र एवं छात्राओं की प्रतिभा का विस्तार निश्चित रूप से होगा। साथ ही वैज्ञानिक सोच का विकास करने छात्रों में जिज्ञासा पैदा करेंगी जिससे उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

विधालय के डायरेक्टर सुधेश जैन ने व्यावहारिक शिक्षा छात्रों के सिद्धांत पर संबोधित करते हुए कहा कि समाज में व्यावहारिक रूप से लागू करने और प्रयोग का अवसर छात्रों को मिलता है जिससे उनकी सोचने समझने की चिंता गहरी होती है, साथ ही प्रतियोगिता की भावना एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और इंजीनियरिंग में कैरियर बनाने के लिए प्रेरित करता है और उन्हें एक दूसरे से काम सीखने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम में बचपन प्ले स्कूल की प्रिंसिपल जागृति सिंह सोलंकी, श्रीमती दीपिका जैन, प्रियंका जैन,समाज सेवी, दिनेश गुप्ता,अमित सिंह,दौलत मनवानी, दिलीप जैन, अरुण जैन,जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नीलेश जैन पत्रकार आशीष नामदेव,डा, शेखर जैन, बचपन प्ले स्कूल डायरेक्टर स्जेनेश जैन, गंगा राम शुक्ला,नितीन जैन,गौरब, महेंद्र जैन सहित भारी संख्या में विधालय परिवार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन मल्लिका मौर्य, स्वागत श्रीमती रचना सराफ नेहा तिवारी,निधि गुप्ता एवं बाल संसद संघ के सभी पदाधिकारी एवं छात्र गण अपना सहयोग प्रदान किया।

# संकट मोचन स्कूल में बाल दिवस पर उमड़ी खुशियों की बौछार





### लीनेस क्लब बुढार ने बच्चों संग खेलकूद, पुरस्कार व स्वल्पाहार कराया

### बच्चों ने प्रतियोगिताओं में दिखाया कौशल, चॉकलेट-बिस्किट,पाकर खिल उठे चेहरे

**धनपुरी। बाल दिवस के अवसर पर प्राथमिक पाठशाला संकट मोचन स्कूल में लीनेस क्लब बुढार द्वारा बच्चों के बीच विविध मनोरंजक गतिविधियों, प्रतियोगिताओं और सामग्री वितरण का भव्य आयोजन किया गया।स्कूल परिसर बच्चों की आवाज़ों, हंसी और उत्साह से गुलजार रहा।**

कार्यक्रम के तहत लीनेस क्लब ने अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चों के लिए कई प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित कीं—दौड़, और छोटे-छोटे मनोरंजक खेल। बच्चों ने उत्साह से भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को बुलाकर पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं अन्य बच्चों को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

बच्चों के प्रदर्शन को देखकर विद्यालय के शिक्षक- समेत सभी उपस्थित जन भाव-विभोर हो उठे। बच्चों की नटखट हरकतें पर सभी तालियां बजाते नजर आए।

**स्वल्पाहार से खिले चेहरेः** लीनेस क्लब की बहनों ने बाल दिवस पर बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट, पेन, केले सेब आलू बंडा खीर कलर पेंसिल कंपास बॉक्स पारले जी बिस्किट टॉफी कलर पेंसिल और अन्य स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी की चमक साफ झलक रही थी। इसके साथ ही क्लब द्वारा बाल दिवस के इस अवसर पर बच्चों को स्वल्पाहार भी कराया गया। क्लब सदस्य बहनों ने स्वयं बच्चों में भोजन वितरित कर सेवा का भाव प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का संचालन लीनेस अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर क्लब की प्रमुख सदस्याएँ सचिव अंजू अग्रवाल, , अंजू दूआ, बिंदा भगत, प्रतिमा जैन, आरती खनूजा, आरती खंडेलवाल जसमीत कौर दिव्या रुचंदानी सहित सभी बहनें पूर्ण उत्साह के साथ मौजूद रहीं। विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकगण ने भी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

#### गूंजती रही बच्चों की हंसी

संकट मोचन स्कूल में मनाया गया यह बाल दिवस बच्चों के लिए यादगार बन गया। पुरस्कार, खेल, संगीत, सांत्वना पुरस्कार और सामग्री पाकर बच्चे पूरे दिन उत्साह से सराबोर रहे। लीनेस क्लब बुढार ने बाल दिवस को बच्चों के लिए खुशियों का त्योहार बना दिया।

# लापता दो नाबालिग बालिकाओं को हरियाणा एवं दमोह से दस्तयाब कर परिजनों के किया सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बहोरीबंद एवं बाकल पुलिस ने लापता नाबालिग बालिकाओं को दस्तयाब कर परिवार से मिलाया। पुलिस के अनुसार 1 से 30 नवंबर तक मुस्कान विशेष अभियान संचालित किया जा रहा हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी करना है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अति.पु. अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं एसडीओपी स्लीमनाबाद के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी बहोरीबंद अखलेश दाहिया एंव उनकी टीम के व्दारा आपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग गुमशुदा लड़की को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस के मुताबिक 17 मार्च 25 को थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिक लड़की 17 साल 7 माह की घर से बिना बताऐ कही चली गई है। रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीएनएस का प्रकरण कायम कर विवेचना मे लिया। विवेचना के दौरान 13 नवंबर को अपह्ता की दस्तयाबी कोसली हरियाणा से की गई और परिजनो के सुपुर्द किया गया। अपह्ता के माता पिता उसे घर का काम न करने की बात से नाराज होते थे जिस कारण वह नाराज होकर बिना बताये घर से चली गई थी। नाबालिग गुमशुदा की दस्तयाबी मे निरीक्षक थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, उनि. धनजंय पाण्डेय, सउनि. मोनेन्द्र सिह, आर. वंदना उईके, आर अतुल श्रीवास्तव, कोमल सिह की भूमिका रही।

इसी तरह थाना प्रभारी बाकल शिवा पाठक एवं उनकी टीम ने आपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग गुमशुदा लड़की को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के मुताबिक 25 जून 24 को थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई कि उसकी 16 साल 2 माह 28 दिन की बेटी घर से बिना बताऐ कही चली गई है। रिपोर्ट पर धारा 363 आईपी सी का कायम कर विवेचना मे लिया गया था। विवेचना के दौरान अपह्ता की तलाश कर 13 नवंबर 25 को अपह्ता की दस्तयाबी दमोह से की गई और परिजनो के सुपुर्द किया गया। पूछताछ में नाबालिक बालिका ने बताया कि माता-पिता के डाटने पर गुस्सा होकर वह अपने रिश्तेदारों के यहां चली गई थी। कार्रवाई में थानाप्रभारी शिवा पाठक, उनि. भूरालाल ठाकुर, म.आर. रोशनी पटेल की भूमिका रही।

# खेल के माध्यम से बच्चों को दी गई पॉस्को एक्ट की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जितेन्द्र कुमार शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में आश्रय बाल गृह, कटनी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव तथा जिला विधि सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन की गरिमामय उपस्थिति में एक कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान बच्चों को पॉस्को अधिनियम (बालकों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम) के विषय में सरल और रोचक ढंग से जानकारी दी गई। बच्चों को कानूनी जानकारी को मनोरंजक रूप से प्रस्तुत करने हेतु साँप-सीढ़ी खेल का आयोजन किया गया, जो पॉस्को अधिनियम की जानकारी पर आधारित था। शिविर में आश्रय बाल गृह में उपस्थित सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल के माध्यम से अपने अधिकारों एवं कानूनी सुरक्षा के बारे में सीखा।

#### दी गई विधिक जानकारी

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री बिसेन द्वारा बच्चों को विधिक जागरूकता की महत्ता बताई गई तथा उन्हें किसी भी शोषण या अपराध की स्थिति में कानूनी सहायता प्राप्त करने के उपायों की जानकारी दी गई।

# पंचायतों में विशेष बाल सभाओं का हुआ आयोजन, बाल हितैषी मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर जिले की ग्राम पंचायतों में विशेष बाल ग्रामसभाओं का आयोजन किया गया। अवगत होवे कि सुश्री कौर ने संचालक सह आयुक्त ,पंचायत राज संचालनालय के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान मोड में 14 से 20 नवंबर 2025 के बीच आयोजित होने वाली विशेष बालसभा हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कटनी को नोडल अधिकारी नामांकित किया है। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर के निर्देश पर जिले भर की ग्राम पंचायतों में बालसभाओं का आयोजन उत्साह पूर्वक किया गया। बालक बालिकाओं ने बालक बालिकाओं ने जोश के साथ भागीदारी सुनिश्चित कर अपनी मन की बातों को कहा।**

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने बताया कि भारत सरकार एवं पंचायत राज्य मंत्रालय द्वारा सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण के तहत ग्राम पंचायतों में बाल हितैषी पंचायत के निर्माण पर विशेष बल दिया गया है। इस अवसर पर सभी ग्राम पंचायत में बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा और सहभागिता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा एवं संवाद किया जा सकेगा। उन्होंने आगे बताया कि आयोजित बाल ग्रामसभा में 10 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के बालक बालिका सहभागिता करेंगे। सुश्री कौर बताती हैं कि ग्राम पंचायत स्तर पर विद्यालयों में बाल अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने एवं बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। जिला पंचायत के सीईओ सुश्री कौर कहती है कि 20 नवंबर 2025 तक बाल अधिकार एवं संरक्षण से संबंधित मुद्दों से जुड़े विषयों पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान मोड में बालसभाओं का आयोजन किया जाएगा।

**पेट्रोलिंग के दौरान गत शाम रंगनाथ नगर पुलिस ने की कार्रवाई**

# नाइट्रावेट टैबलेट के 25 पत्ते किये गए जब्त, दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रंगनाथ नगर पुलिस ने दो व्यक्तियों के पास से नशे के रूप में उपयोग की जाने वाली नाइट्रावेट गोलियों बरामद की गई हैं। दोनो आरोपितों के विरूद्ध धारा 8/21,22 एनडीपीएस एक्ट,5/11 म.प्र. ड्रग कंट्रोल अधिनियम के तहत आरोपीगणो को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना रंगनाथ पुलिस द्वारा क्षेत्र में पैदल पेट्रोलिंग की जाकर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के प्रयास किये जा रहे हैं।



पुलिस के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान पर्यावरण कॉलोनी रोड ओ.एफ.के. के पास दो व्यक्ति संदिग्ध हालत मे रोड के अंदर तरफ जंगल में बैठे दिखे जो पुलिस के वाहन को आता देख भागने लगे जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर नाम पता पूछा जो अपना नाम मंजा सेन उर्फ गणेश पिता स्व.श्याम सुंदर सेन 48 साल निवासी बरगवां थाना रंगनाथ नगर दीपू उर्फ रामजानी सेन पिता मनमोहन सेन 24 साल निवासी बरगवां का होना बताया। उक्त दोनो व्यक्ति कटनी के होने के वावजूद रास्ता भटकना बोलने से और अधिक संदेह गहराया जो संदेहियो से अपने अपने हाथ मे लिये काले रंग के हैण्ड बैग को खोलकर चैक कराने के लिये बोला जो बैग खोलकर दिखाये जो दोनो व्यक्तियो के बैग के अंदर गोलियो के 25 पत्ते मिले, गोलियो को चैक करने पर उक्त संदेहियो द्वारा बताया गया कि यह नाईट्रावेट गोलियो का उपयोग नशे के लिये किया जाता है ।

आरोपीगणो द्वारा अवैध मादक पदार्थ नाईट्रावेट टेवलेट रखना पाये जाने से आरोपीगणो का कृत्य अपराधा धारा 8/21,22 एनडीपीएस एक्ट, 5/11 म.प्र.ड्रग कंट्रोल अधिनियम के तहत दण्डनीय पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया

आरोपितों की गिरफ्तारी में एसआई अरूणपाल सिंह थाना प्रभारी रंगनाथनगर, सउनि बहादुर सिंह, प्र.आर. रामनरेश शुक्ला, अजय तिवारी, प्रमोद सिंह, उमारमण बागरी, आर. रोहित, वीरेन्द्र, बृजेश की भूमिका रही।

# कलेक्टर ने स्वयं भरा प्रपत्र, बीएलओ ने एप में दर्ज की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य कटनी जिले में सुचारु रूप से जारी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटि रहित बनाने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण का अभियान चलाया जा रहा है। आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी मतदाताओं के घर-घर जाकर बीएलओ मतदाताओं को दो प्रतियों में गणना प्रपत्र दे रहे हैं। इसी क्रम में आज शुक्रवार को प्राथमिक शाला भवन झिंझरी मतदान केन्द्र क्रमांक 244 की बीएलओ श्रीमती स्वाति चौहान ने कलेक्टर निवास पहुंच कर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी को गणना प्रपत्र प्रदान किया।। कलेक्टर ने स्वयं प्रपत्र में वांछित सभी जानकारी भर कर और फोटो लगाकर बीएलओ को गणना प्रपत्र वापस किया। बीएलओ ने आनलाइन डिजिटाइज्ड किया साथ ही गणना प्रपत्र की पावती भी प्रदान की। इस मौके पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मुड़वारा-93 प्रमोद चतुर्वेदी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं प्रभारी तहसीलदार कटनी नगर हर्षवर्धन रामटेक मौजूद रहे।

#### घर-घर पहुंच रहे बीएलओ

बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर विशिष्ट गणना पत्रक (ईएफएस) प्रपत्र वितरित किए जा रहे हैं।साथ ही मतदाता का अपना नाम या अपने परिजन का नाम पिछले एसआईआर (वर्ष 2002-2004) की मतदाता सूची के मिलान व लिंक करने में मदद कर रहे हैं।गणना पत्रक भरने के लिये मतदाता को कोई भी दस्तावेज जमा नहीं करना है। सभी मतदाता अपना नवीनतम पासपोर्ट साईज का रंगीन फोटोग्राफ अवश्य बनवा लें। ताकि बीएलओ द्वारा प्रदाय प्रपत्र में नया फोटो चिपकाया जा सकें।

**खबर संक्षेप**

## ग्राम पंचायत दुधमनिया के कार्यालय में चोरी



**अनूपपुर।** ग्राम पंचायत दुधमनिया के सचिव रामजी राठौर ने थाना अनूपपुर में पंचायत भवन में हुई चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन के अनुसार, पंचायत भवन के कमरे का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने आवश्यक दस्तावेज और अन्य सामान चोरी कर लिया साथ ही भवन की छत पर लगे सोलर पैनल को भी खोलकर ले जाया गया है। सुबह जब सचिव कार्यालय पहुंचे, तो ताला टूटा हुआ मिला और पंचायत भवन की विद्युत व्यवस्था प्रभावित पाई गई। घटना की सूचना मिलने पर सचिव ने तत्काल थाने में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय ग्रामीणों ने रात के समय सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने की वजह से असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने की आशंका जताई है। इस संबंध में अनूपपुर कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद जैन ने कहा कि जांच दल भेज दिया गया है।

## मंगलवार को होगा अखंड नवधा रामायण का समापन



**कोतमा/बदरा।** अखंड नवधा रामायण समापन एवं भंडारा दिन मंगलवार को होने जा रहा है। अखंड नवधा रामायण का कार्यक्रम कोतमा कालरी में कलश यात्रा के साथ 7 नवंबर से चल रही है श्री राम कथा का वर्णन अपने मुख वचन से शारदा प्रसाद मिश्रा द्वारा किया जा रहा है। आसपास के क्षेत्र से आए भक्त श्री राम कथा का आनंद ले रहे हैं। कार्यक्रम में सम्मिलित सभी लोग मुख्य अतिथि राम अवध सिंह, अध्यक्ष बुधराम केवट जितेंद्र दास कोमल तुलाराम रेवा राम चैहान श्रीमती अनीता दिनेश दास मानिकपुरी इंद्र लाल सुशील हेमंत कुमार योगेश सुरेश रवि बाबूलाल बसंत रविंद्र राकेश अजय संतोष शिवनाथ राम प्रसाद अनिल जयशंकर बिंदु सरस्वती मीना देवी मां की सुनैना रामायण भाई जानकी फूलमती किरण और पूरे बस्ती के लोग कार्यक्रम में अपना योगदान दे रहे हैं।

### ग्राम पंचायतों में सहायक सचिव को प्रभार देने का शासनादेश लागू नहीं

# रोजगार सहायक व सहायक सचिव संगठन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि जिन ग्राम पंचायतों में सचिव का पद रिक्त है, वहाँ सहायक सचिव (ग्राम रोजगार सहायक) को ही पंचायत सचिव का प्रभार दिया जाए।

शासन के 04 सितंबर 2025 तथा इससे पूर्व जारी आदेशों में स्पष्ट उल्लेख है कि किसी भी स्थिति में एक सचिव को दो या अधिक पंचायतों का अतिरिक्त प्रभार नहीं दिया जाए, क्योंकि इससे प्रशासनिक कार्य प्रभावित होते हैं और पंचायत कार्यों की नियमितता बाधित होती है। शासन के राजपत्र दिनांक 11 नवंबर 2025 के नियम 24 में भी यह स्पष्ट व्यवस्था की गई है कि सचिव का पद रिक्त होने पर उसी ग्राम पंचायत के सहायक सचिव को प्रभार दिया जाए। यदि पंचायत की जनसंख्या 5000 से अधिक हो तो संबंधित पंचायत समन्वय अधिकारी को अस्थायी प्रभार देने का प्रावधान है। इसके बावजूद अनूपपुर जिले में शासन निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। जिले की कई पंचायतों में एक ही सचिव को दो-दो पंचायतों का प्रभार दे दिया गया है, जिससे न केवल पंचायतों के विकास कार्य प्रभावित


प्रति, दिनांक:- 03/11/2025

श्रीमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय,
जिला पंचायत अनूपपुर (म.प्र)

विषय:- सचिव विहीन ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार सहायक (सहायक सचिव) को ही सचिवीय अधिकार सौंपने के संबंध में।

संदर्भ :- मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का पत्र क्रमांक/पंचा./राज./एफ-6/दा.नं./सचिव- 724193/2025/16240, भोपाल, दिनांक 04.09.2025 के संदर्भ में।

मान्यवर,

उपरोक्त संदर्भित आदेश के परिपालन में शासन निर्देशानुसार यह स्पष्ट किया गया है कि ग्राम रोजगार सहायक (सहायक सचिव) को ही सचिव विहीन ग्राम पंचायत में पूर्ण कालिक सचिव की व्यवस्था होने तक अस्थाई रूप से सचिवीय अधिकार प्रदान किये जावे, किसी अन्य पंचायत के सचिव को एक से अधिक ग्राम पंचायतों का सचिवीय प्रभार नहीं दिया जावे।

हो रहे हैं, बल्कि हितग्राहियों को मिलने वाली सेवाएँ भी बाधित हो रही हैं। समय पर भुगतान, प्रमाणपत्रों की प्रक्रिया, निर्माण कार्यों का प्रस्ताव, जनसुनवाई से संबंधित कार्य तथा ऑनलाइन पोर्टल पर प्रविष्टियाँ नियमित रूप से नहीं हो पा रहीं है।

**ज्ञापन में यह रखी मांग**

इधर, ग्राम रोजगार सहायक/सहायक सचिव संगठन ने भी जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि शासन के आदेशों का पालन करवाते हुए सचिव विहीन ग्राम पंचायतों में तत्काल सहायक सचिवों को सचिवीय प्रभार दिया जाए। संगठन ने उल्लेख किया कि कई वर्षों से शासन के स्पष्ट आदेशों के बावजूद जिले में अव्यवस्था बनी हुई है, जबकि अन्य जिलों जैसे मंडला, डिंडोरी, शहडोल, उमरिया में सहायक सचिवों को सचिवीय प्रभार देकर काम सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। संगठन ने कहा कि एक सचिव द्वारा दो पंचायतों का कार्य संभालना असंभव है, जिसके कारण योजनाओं का क्रियान्वयन, भुगतान की प्रक्रिया और पंचायत कार्यों की पारदर्शिता प्रभावित हो रही है। यह सीधे-सीधे शासन के आदेशों और पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों की अवहेलना है। सहायक सचिवों ने जिला पंचायत प्रशासन से मांग की है शासन आदेश का तत्काल पालन करवाया जाए। सचिव विहीन पंचायतों में सहायक सचिव को ही सचिवीय प्रभार दिया जाए। एक सचिव को केवल एक ही पंचायत का दायित्व दिया जाए यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो पंचायत स्तर पर कार्य पूरी तरह बाधित होने की आशंका जताई गई है। जिला पंचायत प्रशासन की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

# गुरुद्वारा में तीन दिवसीय विशेष कीर्तन समागम का आज अंतिम दिन



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु, श्री गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर, तीर्थ नगरी अमरकंटक में स्थित गुरुद्वारा अमरकंटक में तीन दिवसीय विशेष धार्मिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। श्री गुरु नानक सिख समिति अमरकंटक द्वारा आयोजित यह समागम 14 से 16 नवंबर तक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। तीन दिवसीय समागम का विधिवत शुभारंभ 14 नवंबर को हुआ, जिसमें संगत (श्रद्धालु) गुरुवाणी और शबद कीर्तन का श्रवण कर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किये वही 15 नवंबर को सुबह के समय पूरे अमरकंटक नगर में भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। इसी तरह आज समागम के अंतिम दिन गुरुद्वारा अमरकंटक में एक विशाल लंगर (सामुदायिक रसोई) का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान हजारों श्रद्धालु गुरु का अटूट लंगर प्रसाद ग्रहण करेंगे। श्री गुरु नानक सिख समिति, अमरकंटक ने सभी धर्म प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे इस पवित्र अवसर पर गुरुद्वारा अमरकंटक पहुंचकर शबद कीर्तन और गुरुवाणी का लाभ उठाएँ और गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर धर्म लाभ लें।

# नाप दिये गये विभिन्न आरोपों से घिरे सीएचएमओ

### डॉ. आरके वर्मा की जगह अब डॉ. अलका तिवारी होंगी जिला प्रमुख

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा भोपाल के के वरिष्ठ संयुक्त संचालक (विज्ञप्त) लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा डॉ.राजू निदारिया ने 14 नवंबर को प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से डॉ. अल्का तिवारी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय अनूपपुर को तत्काल प्रभाव से अन्य आगामी आदेश तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अनूपपुर के प्रभार में पदस्थ किया गया है वही उदासीन, विवादित व भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे डॉ. आर. के. वर्मा, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी को तत्काल प्रभाव से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अनूपपुर के प्रभार से मुक्त करते हुए मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुष्पराजगढ़ मे पदस्थ कर दिया गया है।



**पदीय दायित्व का नहीं हुआ पालन**

ज्ञात हो कि एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने और आमजन को पर्याप्त सुविधा मिल सके कोई परेशानी न हो को लेकर आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रत्येक पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवा रहे है, वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने तरह तरह की योजनाएं लागू कर रही है ताकि आम जनमानस को स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या न हो सके, लेकिन जिले मे पदस्थ स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार उदासीन अधिकारी की वजह से जिले की जनता को बेहतर तो दूर काम चलाऊ स्वास्थ्य लाभ नही मिल पा रहा था। बता दें कि जब से जिले के स्वास्थ्य विभाग की कमान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके वर्मा के हाथ मे आई थी तब से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतर गई थी, वही इनके ऊपर वित्तीय अनियमितता की भी षिकायत कई बार जिले मे चर्चा का विषय बनी रही, जिसकी षिकायत समय समय पर उच्चाधिकारियों समेत भोपाल तक भी पहुंची थी जिसका नतीजा है कि विवादित सीएचएमओ नाप दिये गये।

# संस्कार लॉ कॉलेज के छात्रों ने न्याय उत्सव में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

14 नवंबर को जिला न्यायालय अनूपपुर द्वारा 'विधिक सेवा न्याय उत्सव कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पिछले सप्ताह विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, क्विज और नुक्कड़ नाटक शामिल थे। सप्ताहभर चले इन आयोजनों में संस्कार लॉ कॉलेज के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और कई प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल किया।

**संस्कार लॉ कॉलेज ने जीते कई प्रथम पुरस्कार**- प्रतियोगिताओं के परिणामों में संस्कार लॉ कॉलेज के छात्रों का दबदबा देखने को मिला। सार्थक पटेल ने क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। समीक्षा परस्ते ने स्लोगन राइटिंग में प्रथम स्थान हासिल किया। वसुंधरा कौल ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंजलि राठौर ने पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। इन सभी विजेताओं को 14 नवंबर को न्याय उत्सव कार्यक्रम के समापन समारोह में सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के बाद संस्कार लॉ कॉलेज के छात्रों ने "गुड टच और बैड टच" विषय पर जागरूकता आधारित नुक्कड़ नाटक' प्रस्तुत किया। इस नाटक में यशवंत पटेल, अंजलि राठौर, पूजा यादव, अर्चना पटेल और आसरा शुक्ला ने प्रमुख भूमिकाएँ निभाईं। नाटक की प्रस्तुति के दौरान व उसके पश्चात उपस्थित सभी अधिकारियों ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की। यह नाटक बच्चों की सुरक्षा, जागरूकता और सामाजिक संवेदनशीलता पर आधारित था, जिसने उपस्थित जनसमूह को महत्वपूर्ण संदेश दिया। छात्रों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से समाज को इस विषय पर जागरूक करने का सार्थक प्रयास किया। विधिक सेवा न्याय उत्सव सप्ताह में संस्कार लॉ कॉलेज के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल कॉलेज का मान बढ़ाया, बल्कि सामाजिक मुद्दों पर युवाओं की जागरूकता और जिम्मेदारी का भी परिचय दिया।

**लिया पिकनिक का आनंद** - 14 तारीख को संस्कार लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने स्वयं सिद्ध स्थान धरहर कला, बहगड़ नाला गणेश मंदिर पर एक दिवसीय पिकनिक का आनंद लिया। इस मनोरंजक एवं शैक्षणिक यात्रा में विद्यार्थियों के साथ कॉलेज का संपूर्ण स्टाफ टीचिंग, नॉन-टीचिंग, डायरेक्टर, प्रिंसिपल तथा संपूर्ण फैकल्टी टीम उपस्थित रही। प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण से घिरे इस आध्यात्मिक स्थल पर छात्रों ने दिनभर कई गतिविधियों, समूह खेलों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में हिस्सा लिया। पिकनिक का उद्देश्य छात्रों को पुस्तकीय अध्ययन से इतर मानसिक ताजगी, समूह समन्वय और सौहार्द की भावना विकसित करना था, जिसे कार्यक्रम ने सफलतापूर्वक पूरा किया।

# सांसद की उदासीनता लोगों को पड़ रही भारी

### बिलासपुर में होने वाली बैठक में अनूपपुर का नामोनिशान नहीं

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह बिलासपुर में होने वाली बैठक के लिए कुछ प्रस्ताव बिलासपुर रेलवे मंडल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर को प्रेषित की है। उन प्रस्ताव को देखते हुए लगता है कि अनूपपुर जिला से उनका वह लगाव,प्रेम,आत्मीयता बिल्कुल नहीं है। जो उनके पिता स्वर्गीय दलवीर सिंह, स्वर्गीय राजेश नंदिनी सिंह में था। चंदिया रेलवे स्टेशन में भी काफी समय से अंबिकापुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस को रोकने की मांग की जा रही है,उस पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा। अनूपपुर जिले के लोग काफी समय से नागपुर ट्रेन की मांग कर रहे हैं, लेकिन लगता है कि वह रद्दी की टोकनी में चली गई। यही नहीं संतरागाछी से रानी कमलापति तक चलने वाली हमसफर एक्सप्रेस का अनूपपुर स्टॉपेज की मांग भी काफी समय से की जा रही है, लेकिन उस और भी इनके द्वारा कोई पत्राचार नहीं किया गया। जिससे ट्रेन का स्टॉपेज कि कहीं कोई चर्चा ही नहीं चल रही। केंद्रीय रेल मंत्रालय का कहना है कि अपने सांसद के मार्फत प्रस्ताव प्रेषित करें तो कार्यवाही होगी, लेकिन दुख होता है कि इतनी प्रबल मांग के बाद भी सांसद हिमाद्री सिंह अनूपपुर जिले वासियों की मांगों को एक सिरे से नजर अंदाज कर देती है। जिसका परिणाम है कि अन्य सोर्स के माध्यम से अनूपपुर जिले के लोग अपनी मांग के लिए विवश होते हैं, लेकिन उनको यह बात भी बुरी लग जाती है।

**सांसद ने यह रखी थी मांग**- सांसद हिमाद्री सिंह ने जो पत्र बिलासपुर रेल मंडल प्रबंधक को भेजा है, उसमें जो मांगे उन्होंने रखी है अपने संसदीय क्षेत्र के साथ अन्य संसदीय क्षेत्र की वह एक नजर में इस प्रकार हैं- चंदिया से चिरमिरी ट्रेन को कटनी तक विस्तार के लिए। इन्दौर से बिलासपुर ट्रेन को रूपोंद स्टेशन में रोकने हेतु। इंटरसिटी एक्सप्रेस 11652 सिंगरौली से जबलपुर को दमोय स्टेशन में रोकने।रेलवे स्टेशन हरद में फुट ओवर ब्रिज निर्माण। अम्बिकापुर-जबलपुर इंटरसिटी ट्रेन नं.11266 को भोपाल तक विस्तार करने। जबलपुर- चित्रकूट एक्सप्रेस (15205-15206) को स्लीमनाबाद स्टेशन में ट्रेन को रोकने बावत।जबलपुर-अम्बिकापुर (11265-11266) को स्लीमनाबाद स्टेशन में ट्रेन को रोकने बावत। जबलपुर गोंडवाना एक्सप्रेस (22181-22182) को स्लीमनाबाद स्टेशन में ट्रेन को रोकने बावत।नर्मदा एक्सप्रेस (18233-18234) को कोविड के पूर्व भांति चलाने हेतु। बिलासपुर एक्सप्रेस (18235-18236) को कोविड के पूर्व भांति चलाने हेतु। रीवा एक्सप्रेस (चिरमिरी से रीवा) (11751-11752) को कोविड के पूर्व भांति चलाने हेतु। रीवा एक्सप्रेस बिलासपुर से रीवा (18247-18248) को कोविड के पूर्व भांति चलाने हेतु। ग्राम-झरेला में स्थित रेल्वे पुल में अण्डर ब्रिज का निर्माण ब्रिज का निर्माण। अनूपपुर- चिरमिरी रेलवे मार्ग अंतर्गत मौहरी के पास खिरना नाला में अण्डर ब्रिज का निर्माण ब्रिज का निर्माण। अनूपपुर- मौहरी रेल मार्ग पर खिरना नाला में अण्डर ब्रिज का निर्माण।ग्राम सेन्दुरी स्थित छुलहा रेलवे स्टेशन बंद को फाटक खोलने बावत। रेलवे स्टेशन अंतर्गत रेलवे पुल क्र.-84 चालू (निगौरा) करने बावत। बिलासपुर-रीवा (18247-18248) को दुर्ग तक विस्तार करने बावत। रीवा-जबलपुर (22190) की स्टापेज को माधवनगर रोड़ स्टेशन में स्टॉपेज कराये जाने बावत। जबलपुर से दुर्ग तक वन्दे भारत ट्रेन संचालन हेतु संचालन कराये जाने बावत। शहडोल रेलवे स्टेशन में रैम्प,एक्सीलेटर एवं लिफ्ट सुविधा प्रदाय करने बावत। टिकट चेकिंग स्टाफ शहडोल से ली गई सभी ट्रेनों को शहडोल वापस किया जाए। मुख्य वाणिज्य प्रबंधक बिलासपुर के आदेशानुसार शहडोल की तीन ट्रेनों जिसमें प्रमुख रूप से इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस (18233-18234) रीवा-बिलासपुर (18247-18248) एवं भोपाल-बिलासपुर (18236-18235) में कार्यरत टिकट चेकिंग स्टाफ को हटाकर बिलासपुर टिकट चेकिंग स्टाफ से कराए जाने का आदेश जारी किया गया था। जिसके कारण बहुत से चेकिंग स्टाफ का स्थानांतरण बिलासपुर किया गया।शहडोल मेरा संसदीय क्षेत्र होने के साथ-साथ एक संभागीय मुख्यालय और रेलवे का सब डिविजन भी है और बिलासपुर मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों में से एक है। उपरोक्त तीनों ट्रेन के छिन जाने से टीटीई स्टाफ शहडोल को बिलासपुर स्थानांतरण किया गया है और स्थानीय जनता को भी कठिनाइयां हो रही है।




**वाशिंग पिट के निर्माण की मांग**- ज्ञात हुआ है कि रीवा-चिरमिरी ट्रेन क्रमांक 11752-11751 को भी शहडोल टिकट चेकिंग स्टाफ की जगह अन्य स्टेशन से कार्य कराए जाने की योजना चल रही है, जो अनुचित होगा। उक्त सभी ट्रेनों को जो शहडोल टिकट चेकिंग स्टाफ से ली गई है उसे वापस शहडोल स्टाफ से चलाया जाए। शहडोल रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कुली की नियुक्ति की जाए जो वर्तमान में नहीं के बराबर है। प्लेटफार्म में रैंप नहीं होने के कारण यात्रियों को लगेज लाने-ले जाने व ट्रेन में चढाने उतारने में काफी आसुविधाओ का सामना करना पड़ता है। शहडोल में यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए जिससे महानगरों से शहडोल की कनेक्टिविटी जुड सके जिसके लिए वाशिंग पिट का निर्माण कराया जाए, जिससे महानगरों विशेषकर मुंबई एवं चेन्नई के लिए शहडोल से सीधी यात्री ट्रेन चलाई जा सके।

### आयोजित हुआ जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह

# समारोह में बिखरी लोक कला की जीवंत छटा, हितलाभ का किया गया वितरण

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा है कि जल, जंगल और जमीन का अधिकार जनजातीय समाज का मूल अधिकार है। इसे अंग्रेज उनसे छीनना चाहते थे। भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के अत्याचार, अनाचार के खिलाफ जनजातीय समाज को खड़ा किया और अंग्रेजों के खिलाफ दो स्तरों पर लड़ाई लड़ी। एक ओर उन्होंने जनजातीय समाज के मूल अधिकार की रक्षा की और दूसरी ओर ईसाई मिशनरियों द्वारा हमारे धर्म के साथ छेड़छाड़ कर हमारे जनजातीय भाइयों को ईसाई बनाने के कुत्सित प्रयासों को ध्वस्त किया। आज हम भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें हृदय से स्मरण और नमन करते हैं। राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल आज अनूपपुर जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय परिसर में आयोजित भगवान बिरसा मुंडा की 150 जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यमंत्री ने जनजातीय महानायकों के बलिदान को स्मरण करते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन उनके सम्मान में विशेष कैबिनेट बैठकों का आयोजन कर रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने जबलपुर एवं दमोह के सिंग्रामपुर में रानी दुर्गावती, महेश्वर में लोकमाता अहिल्याबाई तथा पंचमढ़ी में राजा विभूत सिंह सहित अन्य जनजाति महानायकों को याद करने और सम्मान देने हेतु कैबिनेट बैठकें आयोजित की हैं।




**मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत**- कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन और जिला प्रशासन जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। पीएम जनमन योजना और आदि कर्मयोगी मिशन के तहत उन क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली और मोबाइल नेटवर्क जैसी मूलभूत सुविधाएँ विकसित की जा रही हैं, जहाँ अब तक संसाधनों की कमी थी। उन्होंने बताया कि अनूपपुर जिले के 371 गांव इन योजनाओं में शामिल हैं, जहाँ जनजातीय समाज के जीवन में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाने के प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं।

**बिरसा मुंडा जनजाति समुदाय के महानायक** - पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जनजाति समुदाय के महानायक थे, जिन्होंने समाज के उत्थान हेतु अविस्मरणीय कार्य किए। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार जनजातीय क्षेत्रों में चल रहे अभियानों के माध्यम से 2026 तक नक्सलवाद मुक्त भारत बनाने का संकल्प लेकर कार्य कर रही है। कई क्षेत्रों में नक्सलवाद समाप्त हो चुका है और नक्सली स्वयं आत्मसमर्पण कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अपने योगदानों से देश की जनजातीय एकता और अखंडता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**लोक कला और संस्कृति से सजी मनमोहक प्रस्तुतियां**- समारोह में लोक कला की जीवंत छटा उस समय बिखर गई जब लोक कला पथक दल बीजापुरी ने पारंपरिक शैला एवं गुदुम नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अनूपपुर के विद्यार्थियों ने विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और जनजातीय कला-संस्कृति की समृद्ध धरोहर को प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया।

**मंत्री ने किया हितलाभ का वितरण** - राज्य मंत्री ने विभिन्न योजनाओं के तहत अनेक हितग्राहियों को लाभ वितरित किए। लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत श्रेयांशी प्रजापति, प्राची वर्मा और सृष्टि बैगा को लाभ प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत ईश्वरी देवी, पिकी सेन और आरती कोल को लाभ मिला। उद्यानिकी विभाग के मसाला क्षेत्र विस्तार योजना के तहत श्याम नारायण केवट और तेजूमल भोजवानी को सहायता दी गई। भू-संसाधन प्रबंधन विभाग की मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत बेसाहूलाल रौतेल को लाभ वितरित किया गया। प्रधानमंत्री जन मन आवास योजना के तहत बाबूलाल बैगा, संतोषी बैगा और बाबी बैगा को लाभ मिला। जनजाति कार्य विभाग की भगवान बिरसा मुंडा रोजगार योजना के तहत गायत्री देवी को टैक्सी (बोलरो) हेतु 9 लाख रुपये तथा रवि शंकर परस्ते को हार्डवेयर दुकान के लिए 10 लाख रुपये का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया। संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत दिनेश कुमार दास को ट्रैक्टर-ट्रॉली हेतु 9.95 लाख रुपये की सहायता दी गई। इसी प्रकार बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 10वीं के प्रथम रैंक प्राप्त छात्र राजदीप पडवार और नितिन सिंह तथा कक्षा 12वीं के प्रथम रैंक प्राप्त छात्र राजन धुर्वे और मुकेश सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।


भावपूर्ण श्रध्दांजली



महाशय राव बहादुर सिंह आर्य निर्वाण दिवस 16.11.2009

सोलहवीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि

दयानंद वैदिक मिशन एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल मैनेजमेंट सोसायटी दिल्ली के संस्थापक, अध्यक्ष, महान गौभक्त, आर्य समाजी महाशय राव बहादुर सिंह आर्य के निर्वाण दिवस (सोलहवी पुण्य तिथि 16 नवंबर 2025) पर हम डी.वी.एम. संस्था समूह के प्रिंसिपल, अध्यापक, विद्यार्थीगण, कार्यकर्ता एवं प्रबंध समिति के सदस्य सादर कोटि-कोटि नमन करते हैं। निर्वाण दिवस- 16.11.2009

श्रद्धांजलिदाता- डी.वी.एम. संस्था समूह